an>

title: Need to introduce regular flight from Kota Airport, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) ः भारत सरकार द्वारा रीजनल स्तर पर हवाई सेवा को आम जन के लिए सस्ती दरों पर सुलभ कराने के दृष्टिकोण को लेकर लागू किया जाना अत्यंत ही स्वागत योग्य पहल है, इससे 200 किलोमीटर के दायरे में आने वाले विभिन्न हवाई अड्डों से नियमित विमान सेवाओं का अफोर्डेबल किराये पर चलाये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

इसी कड़ी में मैं अपने निर्वाजन क्षेत्र कोटा में नियमित हवाई सेवा प्रारंभ किये जाने की महती आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

कोटा, राजस्थान का एक प्रमुख संभागीय मुख्यालय है, यह संपूर्ण भारतवर्ष में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश की कोचिंग, बिजली उत्पादन व अन्य औद्योगिक गतिविधियों के लिये विख्यात है। कोटा का हवाई अड्डा छोटे व मध्यम श्रेणी के विमानों की उड़ान के लिए उपयुक्त है तथा यहां से अन्य निकटवर्ती हवाई अड्डों क्रमशः जयपुर व उदयपुर से दूरी भी 200 किलोमीटर से अधिक है। यह रीजनल एयर कनेक्टिविटी स्कीम के लिए निर्धारित सभी पात्रताओं को पूरा करता है। कोटा से नियमित हवाई सेवा प्रारंभ होना संपूर्ण हाड़ौती के विकास के लिए लाइफलाईन के समान आवश्यक है।

मैं उल्लेखित करना चाहता हूं कि कोटा में हवाई सेवा प्रांरभ करने की संभावनाओं के मद्देनजर तत्कालीन माननीय उड्डयन राज्यमंत्री जी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक अभी कुछ माह पूर्व संपन्न हुई थी जिसमें भी कोटा हवाई अड्डे को नियमित उड़ान के लिए तकनीकी दृष्टिकोण से उपयुक्त माना गया था।

मैं केन्द्र सरकार से पुरजोर शब्दों में मांग करता हूं कि कोटा को रीजनल एयर कनैक्टिविटी स्कीम में सम्मिलित करके नियमित हवाई सेवा प्रांरभ की जाये।